# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

08 मई 2024, बुधवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के खीरी, हरदोई एवं कन्नौज में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**पहले तीन चरणों के बाद NDA 190 सीटें जीत चुका है**

*****************

**विपक्ष सत्ता में आया, तो राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देगा**

*****************

**राहुल बाबा एक झटके में गरीबी तो नहीं, पर कांग्रेस ने एक झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया**

*****************

**जो रामकाज से डर जाए, उत्तर प्रदेश उसके साथ नहीं है**

*****************

**राहुल बाबा पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए तो पाकिस्तान उनकी इतनी प्रशंसा करता है**

*****************

**सपा पार्टी यादवों की हितैषी नहीं है, इनके परिवार में और लोग होते, तो यूपी की 80 की 80 सीटों पर इन्हीं का परिवार लड़ रहा होता**

*****************

**जिन्ना को वोटबैंक के लिए महान कहने वाले अखिलेश को जनता वोट नहीं देगी**

*****************

**सपा को दूसरी पार्टियों की जरुरत नहीं, वे आपस में ही लड़ने में व्यस्त हैं...उनकी बैठकों में लात-घूँसे चलते हैं**

*****************

**राहुल बाबा अमेठी, वायनाड और रायबरेली जाकर हार ही मिलेगी, आप इटली ही शिफ्ट हो जाओ**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को उत्तर प्रदेश के खीरी, हरदोई एवं कन्नौज में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस, सपा एवं बसपा की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता की कड़ी आलोचना की। इन कार्यक्रमों के दौरान मंच पर उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र चौधरी, यूपी कैबिनेट मंत्री श्री जेपीएस राठौर, केंद्रीय मंत्री एवं खीरी प्रत्याशी श्री अजय मिश्र टेनी, हरदोई से प्रत्याशी श्री जय प्रकाश एवं मिश्रिख से प्रत्याशी श्री अशोक रावत सहित और अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जनता का उत्साह देखकर यह स्पष्ट है कि खीरी की जनता ने श्री अजय मिश्र को अपना प्रतिनिधि चुनकर माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले लिया है। **देश में तीन चरणों का मतदान सम्पन्न हो चुका है जिसमें मोदी जी 190 सीटें पार कर चुके हैं और चौथे चरण में 400 पार की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो चुका है।** यह लोकसभा चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के साथ ही 3 करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का, 4 करोड़ गरीबों को आवास देने, 3 लाख गांव में डेरी बनाकर पशुपालन के साथ जुड़े लोगों को मजबूत बनाने का चुनाव है। इस बार 65 या 73 नहीं, बल्कि पूरी 80 की 80 सीटें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में आना चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि चुनाव के पहले कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, चुनाव के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। घमंडिया गठबंधन के सभी नेता लगभग 12 लाख करोड़ के घोटालों में शामिल हैं। **कल ही इंडी गठबंधन के झारखंड के एक नेता के घर से 30 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं, कांग्रेस के एक सांसद के सांसद के घर से 350 करोड़ बरामद हुआ है, ममता दीदी के एक मंत्री के घर से 50 करोड़ रुपये बरामद हुए। विपक्षी पार्टियां पहले भ्रष्टाचार करती है फिर ईडी और सीबीआई के कार्यवाही होने पर सरकार पर सवाल उठाती हैं।** मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो भी भ्रष्टाचारी गतिविधियों में लिप्त पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई भी होगी और जेल में भी डाला जाएगा। एक तरफ 12 लाख घपले घोटाले करने वाले भ्रष्टाचारी लोग हैं और दूसरी तरफ 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। **एक ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही विदेश भागने वाले राहुल गांधी है और दूसरी ओर 23 वर्षों से एक भी छुट्टी नहीं लेने वाले और सैनिकों के साथ दिवाली मनाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि **कांग्रेस, सपा और बसपा के नेता झूठा प्रचार करके भारतीय जनता पार्टी और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।** कांग्रेस के नेता भाजपा सरकार पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं लेकिन अगर स्वयं कांग्रेस ने ही देश के पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डाला है। कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर वर्ग विशेष को 5 प्रतिशत को दे दिया और इसी प्रकार संयुक्त आंध्र प्रदेश में भी मुस्लिमों को आरक्षण दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही देश में गैरसंवैधानिक वर्ग विशेष के आरक्षण को समाप्त करके पिछड़ा वर्ग का उन्हें वापस देगी। **राहुल गांधी एक झटके में गरीबी हटाने की बात करते हैं लेकिन कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड बिल्कुल इसके विपरीत है। इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया, राजीव गांधी ने तीन तलाक को फिर से प्रस्तावित किया और कांग्रेस ने पिछड़ा समाज का आरक्षण छीना।** कांग्रेस और उसके साथी पिछड़ा वर्ग विरोधी लोग हैं।

श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश में सीएए कानून लेकर आए हैँ, जिससे देश में आए हिन्दू, सिख, बौद्ध और जैन शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी। **राहुल गांधी और अखिलेश सीएए को हटाने के दावे कर रहे हैं लेकिन सत्य ये है कि राहुल तो क्या देश में कोई ताकत सीएए को नहीं हटा सकती है।** राहुल गांधी और आखिलेश यादव की पार्टियों ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाए रखा, लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के अंदर ही भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। वोट बैंक की राजनीतिक के कारण अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को धराशायी कर, जम्मू एवं कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी ने कहा कि धारा 370 के हटने से देश के बाकी राज्यों को क्या मतलब? मगर भारत के हर राज्य का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपने प्राण न्योछावर कर सकता है। उन्होंने कहा कि **10 साल तक सपा-बसपा के सहयोग से यूपीए की सरकार चली। सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया।** उन्होंने कहा कि **अखिलेश**

**यादव के लोग पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए, सपा ने 84 कोस परिक्रमा पर प्रतिबंध लगाया, संकटमोचन में बम धमाके करने वालों को छुड़वाने का काम किया और जब राज्य में दंगे हो रहे थे, तो अखिलेश यादव सैफई में महोत्सव मना रहे थे।** अखिलेश यादव कल्याण सिंह जैसे नेता को अपने घर से 500 मीटर दूर श्रद्धांजलि देने नहीं गए, मगर 500 किलोमीटर दूर मुख्तार अंसारी को श्रद्धांजलि देने गए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोरोना के समय अखिलेश यादव और डिम्पल यादव को कन्नौज की याद नहीं आई थी, मगर सुब्रत पाठक ने कन्नौज की जनता के बीच रहकर, लोगों की सेवा की। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के लोगों का निशुल्क टीकाकरण कर, कोरोना के डर को खत्म करने का काम किया। पहले अखिलेश यादव कोरोना के टीके पर प्रश्न खड़े कर रहे थे, मगर जनता के टीकाकरण करवाने के बाद, अखिलेश यादव ने अपनी पत्नी के साथ जाकर टीकाकरण करवाया। अगर देश और प्रदेश में विपक्ष सत्ता में होती तो लाशों के ढेर लग जाते, मगर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को कोरोना से सुरक्षित करने का काम करके दिखाया है। अखिलेश और राहुल गांधी ने देश को न सुरक्षित कर सकते हैं और न ही लोगों का कल्याण कर सकते हैं। पिछले 10 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोगों को घर, बिजली, शौचालय, गैस सिलेन्डर, 5 लाख का बीमा और प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो निशुल्क अनाज मुहैया करवाया है। अगर इंडी अलायंस को बहुमत मिल भी गया, तो उनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा? विपक्षी गठबंधन के पास प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार ही नहीं है। जब पत्रकारों ने विपक्ष से यह प्रश्न पूछा, तो उन्होंने कहा कि बारी-बारी एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री बन जाएंगे। देश को एक मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है और जो केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही दे सकते हैं। इंडी गठबंधन के पास नेता, नीति और नीयत नहीं, बल्कि केवल परिवारवाद है। अगर इंडी गठबंधन को मौका मिल गया, तो यह लोग राम मंदिर पर भी बाबरी के नाम का ताला लगा देंगे।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केवल रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान करवाया और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भी बनवाया। सोमनाथ का मंदिर सोने का बन रहा है और सभी आस्था केंद्रों को पुनर्जीवित करने का काम किया है।** 2021 में अखिलेश यादव सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए हरदोई आए थे और मोहमद्द अली जिन्ना की तारीफ के पुल बांध गए। अपने वोटबैंक के लिए जो मोहमद्द अली जिन्ना को महान बताया, उसे जनता स्वीकार नहीं करेगी। सपा की स्थिति यह है कि उनकी बैठक में ही आपस में लड़ाई होती है। सपा को बाहर से लड़ने वाला कोई नहीं चाहिए, सपा के अंदर ही लड़ाई चल रही है। **राहुल बाबा की स्थिति यह है कि राहुल अमेठी से वायनाड गए और वायनाड से रायबरेली गए, लेकिन राहुल गांधी रायबरेली में भी हारने वाले हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों का कल्याण, युवा का सम्मान, किसान को सही स्थान और नारी शक्ति का गुणगान किया है। एक तरफ इंडी गठबंधन के नेता अपने बेटी-बेटों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमारे किसानों, युवाओं, माताओं और गरीबों का कल्याण करना चाहते हैं। **राहुल गांधी पाकिस्तान के अजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं और पाकिस्तान राहुल गांधी का समर्थन कर रहा है। इंडी गठबंधन के लोग आतंकवादियों को क्लीन चीट दे रहे हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **जब उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन की सरकार थी, तब गुंडों और माफियाओं ने पूरे प्रदेश की जमीनों पर कब्जा कर रखा था, होली-दिवाली के दिन बिजली गुल रहती थी, मगर रमजान के दिनों में 24 घंटा बिजली आती थी। परन्तु अब उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार होली-दिवाली के दिन भी 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवा रही है।** प्रदेश की पूर्व सरकारों के दौरान जनता को पलायन करना पड़ता था, लेकिन योगी जी के शासन में माफियाओं को पलायन करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में सबसे अधिक गन्ने की खेती की जाती है। इस क्षेत्र में 9 शुगर मिल और 2 को-ऑपरेटिव हैं और क्षेत्र को चीनी का कटोरा भी कहते हैं। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गन्ना किसानों के भुगतान को समय से करना प्रारंभ किया है। भाजपा सरकार ने 20 चीनी मिलों को पुनः शुरू किया और 5-5 नई चीनी मिलों को स्थापित किया और गन्ना की बुआई के क्षेत्रफल में 9 लाख करोड़ हेक्टेयर की बढ़ोतरी करने का काम किया। 2016-17 में मात्र 42 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाया जाता था लेकि आज 156 करोड़ लीटर बन रहा है। 12 आधुनिक रिफाइनरियों को

स्थापित कर, 20% एथेनॉल को पेट्रोल-डीजल में भी ब्लेन्ड किया जा रहा है। भारत के बायो-फ्यूल अलायंस से पूरे राज्य का विकास होने वाला है।

श्री शाह ने कहा कि लखीमपुर खीरी में 900 किलोमीटर की सड़क का निर्माण और राजमार्गों का चौड़ीकरण करने के साथ अनेकों विकास कार्य किए गए हैं। मैलानी से दुधवा नैशनल पार्क के लिए ट्रेन चलाई, हवाई पट्टी का निर्माण किया गया, 1 लाख 63 हजार गरीबों को घर दिया, 5 लाख माताओं को गैस का सिलिंडर दिया, 7 लाख 80 हजार शौचालय बनाए और 6 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि पहुंचाई गई। माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और देश को दुनिया में नंबर 1 बनाना है। चाहे जी20 हो, चंद्रयान को दक्षिण ध्रुव पर भेजना हो, सर्जिकल स्ट्राइक या एयर स्ट्राइक करना हो, उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट और एक्सप्रेस वे का जाल बिछाना हो, सिंचाई की बढ़ोतरी करनी हो और करोड़ों गरीबों के जीवन में नया विश्वास पैदा करना हो यह काम केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।

*******************